संख्या– 30 जी.आई. / 33–3–2018–34 / 2018

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ।
2– समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 07 मार्च, 2018

**विषयः– दिनांक 08 मार्च, 2018 को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन (एन.एन.एम.) के शुभारम्भ एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बी.बी.बी.पी.) के प्रसार के संबंध में कार्यवाही किए जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या–एम.11015 / 52 / 2018–सी.बी. दिनांक 07.03.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 08 मार्च, 2018 को अपराह्न 01.00 बजे से 02.30 बजे के मध्य राजस्थान के झुंझनू में राष्ट्रीय पोषण मिशन (एन.एन.एम.) का शुभारम्भ एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बी.बी.बी.पी.) का प्रसार किया जायेगा।

2. राष्ट्रीय पोषण मिशन का लक्ष्य अगले 03 वर्षों में 06 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं सद्यःप्रसूता माताओं के पोषणीय स्तर में सुधार करने न्यूनतम जन्म दर, वृद्धि अवरोध, अल्प पोषण एवं एनीमिया के प्रसार में कमी लाना है। बी.बी.बी.पी. का लक्ष्य देश में शिशु लिंगानुपात में सुधार लाना है।

3. उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश स्तर पर इस योजना के शुभारम्भ के पूर्व, शुभारम्भ के दिन एवं बाद की गतिविधियों (सूची संलग्न) को तैयार किए जाने के संबंध में मंत्रिमण्डलीय सचिव, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–293 / 1 / 2 / 2017–सी.ए.–5 दिनांक 28.02.2018 द्वारा दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं।

(प्रवीणा चौधरी)
उप निदेशक (पं०)
पंचायती राज, उ०प्र०

4. मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा उक्त अभियान के प्रभावशाली कियान्वयन के लिए इसे एक जन आन्दोलन बनाये जाने की अपेक्षा की गयी है। इसी प्रकार बी.बी.बी.पी. के अन्तर्गत शिशु बालिकाओं के महत्व को बढ़ावा देने एवं राष्ट्रीय स्तर पर लोगों में चेतना लाने के लिए सतत् सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है।

5. उक्त अभियान की सफलता एवं बी.बी.बी.पी. के प्रसार में राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों की सकिय सहभागिता एवं समन्वय जैसी गतिविधियों की आवश्यकता है। अतः उक्त अभियान के संबंध में नीति निर्माण, प्रशासन एवं जमीनी स्तर पर कियान्वयन हेतु कई चरणों के पहल किए जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार अभियान को सफल बनाने हेतु शुभारम्भ के पूर्व, शुभारम्भ के दिन एवं बाद की

गतिविधियों को तैयार किए जाने के संबधं में श्रृंखलाबद्ध योजना के पहल किए जाने की आवश्यकता है।

6. राष्ट्रीय पोषण मिशन के अन्तर्गत राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों द्वारा महिला एवं बाल विकास,स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, शिक्षा एवं खाद्य तथा अन्य संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर अभिसरण प्राप्त किए जाने की आवश्यकता है। मा0 प्रधानमंत्री जी की अपेक्षानुसार राष्ट्रीय पोषण मिशन के शुभारम्भ को जन आन्दोलन में परिवर्तित करने हेतु आपका व्यक्तिगत सहयोग अपेक्षित है। कियान्वित किए जाने वाले विभागों/अभिकरणों यथा महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ियों के माध्यम से, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र(पी.एच.सी.)/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी.) के माध्यम से, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को विद्यालयों के माध्यम से, पंचायतीराज विभाग को पंचायतों के माध्यम से तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय को स्वच्छता ग्राहियों के माध्यम से अभियान को सभी स्तरों पर प्रारम्भ किए जाने हेतु यथोचित रूप से सचेत किया जाना है।

7. इस संबधं में जनपद, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यकम के शुभारम्भ पर सकिय प्रतिभागिता हेतु विभागों द्वारा लोगों को प्रेरित किया जाय। उक्त कार्यकम का सीधा प्रसारण एन0आई0सी0 द्वारा दूरदर्शन के माध्यम से स्कूलों, अस्पतालों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत कार्यालयों एवं अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर सुनिश्चित करें। उक्त कार्यकम को दिनांक 08 मार्च, 2018 को (अपरान्ह 1:00 बजे से 2:30 बजे तक) देखने हेतु लोगों को प्रोत्साहित और प्रेरित करें।

अतः कृपया संलग्न सूची में उल्लिखित गतिविधियों एवं उपर्युक्त निर्देशों के अनुसार शत-प्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के ई-मेल **nnmwcd11@gmail.com** पर विस्तृत रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः-यथोक्त।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांकः- तदैव।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अवर सचिव, पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके पत्र संख्या-एम.11015/52/2018-सी.बी. दिनांक 07.03.2018 के संदर्भ में।

2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/साक्षरता विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

4. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

5. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, उ0प्र0।

6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

J.B. Singh
(जितेन्द्र बहादुर सिंह)
विशेष सचिव।

Annexure

A. **Pre-launch activities**

i. Synergize activities of various concerned departments
ii. Creation of NNM face book page
iii. Posting on BBBP face book page
iv. Nominate one point contact for coordinating all social media campaign
v. Awareness campaign
vi. Ensure coverage in local media
vii. Display of NNM & BBBP posters and banners at all public places across the state
viii. Nutrition Assembly in school
ix. Involve PRIs & ULBs
x. Organize Vazan Tyohar (weighing festival) of children at all AWCs on 7th March, 2018
xi. Observance of BBBP Day

B. **Launch activities**

i. Mobilise people upto village level to watch live program on TV & web casting of event
ii. Ensure wide coverage in local media
iii. Posting of images / photos on social media
iv. Involve PRIs, ULBs
v. Organize nutrition related quiz/competition in school/collages
vi. Organize special Village Health Sanitation and Nutrition (VHSN) Day

C. **Post-launch activities**

i. Implementation of convergence action plan right upto the village level
ii. Awareness and media campaign to continue
iii. Issues necessary instruction to line department to implement NNM component
iv. State level monitoring implementation of NNM & BBBP component
v. Involve PRIs, ULBs